**Ans. (a)** राजस्थान में ग्रामीण गौरव पथ योजना की शुरूआत 2014-15 में की गई थी। इस योजना का लक्ष्य राज्य के 33 जिलों में मुख्य ग्राम सड़कों का निर्माण करना है।

**1767. निम्न में से किसके द्वारा कमांड एरिया डेवलपमेंट प्रोग्राम (सीएडीपी) प्रारंभ किया गया था?**

(a) राजस्थान सरकार एवं विश्व बैंक
(b) राजस्थान सरकार एवं रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया
(c) भारत सरकार एवं विश्व बैंक
(d) राजस्थान सरकार

**कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) भर्ती परीक्षा- 2020**

**Ans. (c)** भारत सरकार एवं विश्व बैंक के सहयोग से 1974-75 में पाँचवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान एक क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम के रूप में कमांड एरिया डेवलपमेंट प्रोग्राम (CADP) शुरू किया गया। कमान क्षेत्र वह क्षेत्र है जहाँ से नहरे निकालकर सिंचाई की जाती है। इस प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य सिंचाई में सुधार और कुशल जल प्रबंधन के माध्यम से कृषि उत्पादन बढाना है।

**1768. राजस्थान में 'बंजर भूमि विकास कार्यक्रम' क्रियान्वित होता है-**

(a) वन विभाग द्वारा
(b) कृषि विभाग द्वारा
(c) सिंचाई विभाग द्वारा
(d) ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग द्वारा

**कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) संयुक्त भर्ती परीक्षा-2020**

**Ans. (d)** राजस्थान में 'बंजर भूमि विकास कार्यक्रम' ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है।

**1769. राजस्थान के किस जिले का वॉटर शेड/जलग्रहण क्षेत्र 'नीरांचल परियोजना' के अंतर्गत आता है?**

(a) जोधपुर (b) झालावाड़
(c) जयपुर (d) उदयपुर

**VDO-2021 Exam Date 28.12.21 Shift-III**

**Ans. (*) –** नीरांचल राष्ट्रीय वाटर शेड परियोजना, विश्व बैंक से सहायता प्राप्त भारत सरकार की परियोजना है। इसके तहत राजस्थान के दो जिले जोधपुर एवं उदयपुर शामिल है। प्रश्न में जिले का जलग्रहण क्षेत्र पूछा है। आयोग ने इस प्रश्न को हटा दिया था।

**1770. राजस्थान में किसानों हेतु कृषि में आसानी के लिए ''कृषक कल्याण कोष'' का गठन ...........किया गया है।**

(a) 16 दिसम्बर, 2019 को
(b) 16 अगस्त, 2018 को
(c) 16 अगस्त, 2017 को
(d) 26 जनवरी, 2019 को

**VDO-2021 Exam Date 27.12.2021 Shift-II**

**Ans. (a)** राजस्थान सरकार ने 16 दिसम्बर, 2019 को कृषक कल्याण कोष का गठन किया, जिसका उद्देश्य किसानों की उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करना और ''खेती करने में आसानी'' की दिशा में प्रयास करना है।

**1771. निम्न में से कौन से विकास कार्यक्रम राजस्थान में जनजाति अर्थव्यवस्था के सुधार से प्रत्यक्षतः संब्रंधित नहीं हैं-**

1. संशोधित क्षेत्र-विकास उपागम तथा कलस्टर योजना
2. राजस्थान आजीविका मिशन (RMOL)
3. मेवात, डांग तथा मगरा क्षेत्र विकास कार्यक्रम
4. स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना (SGSY)

**कूट -**

(a) 1, 2 और 3
(b) 2, 3 और 4
(c) केवल 1
(d) 1 और 2

**Gram Sevek & Hostel Superintendent Ex. Dt. 18.12.2016**

**Ans. (b)** राजस्थान की जनजातियों के अर्थव्यवस्था में सुधार से सम्बन्धित विकास कार्यक्रम निम्न है-
**संशोधित क्षेत्र विकास दृष्टिकोण और क्लस्टर परियोजना-** यह परियोजना 10000 और इससे अधिक आबादी के लिए है लेकिन शर्त यह है कि कुल आबादी में 50% से अधिक की जनजातीय आबादी है। इसका मुख्य उद्देश्य कृषि, पशुपालन, शिक्षा, सहकारिता, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्रों में सहायता प्रदान करते हुए उनका एकीकृत विकास है। उपर्युक्त विकल्पों में 2, 3, 4 जनजातीय आबादी के विकास कार्यक्रम से सम्बन्धित नहीं है।

**1772. वर्ष 2011की जनगणना के अनुसार राजस्थान की कुल 3 करोड़ श्रम शक्ति में कितने बेरोजगार व्यक्ति आँके गए हैं-**

(a) 33 लाख (b) 20 लाख
(c) 30 लाख (d) 38 लाख

**Gram Sevek & Hostel Superintendent Ex. Dt. 18.12.2016**

**Ans. (a)** जनगणना 2011 के अनुसार राज्य की कुल आबादी 68,548,437 है। यह भारत में 7वाँ सबसे अधिक आबादी वाला राज्य है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार राज्य की कुल 3 करोड़ श्रम शक्ति में 33 लाख बेरोजगार है। ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में सबसे अधिक बेरोजगारी दर चुरू जिले की है।

**1773. राष्ट्रीय सेम्पल सर्वेक्षण संगठन (NSSO) के वर्ष) 2011-12 के 68 वें दौर के अनुसार राजस्थान में सामान्य स्थिति (समायोजित) के अनुसार बेरोजगारी दरों के संबंध में निम्न में कौनसा/कौनसे तथ्य सही है/है-**

1. ग्रामीण क्षेत्रों में कुल श्रम-शक्ति के 0.9 प्रतिशत पुरुष बेरोजगार है।
2. शहरी क्षेत्रों में कुल श्रम शक्ति के 3.2 प्रतिशत पुरुष बेरोजगार है।
3. सम्पूर्ण राज्य में कुल श्रम-शक्ति के 3.1 प्रतिशत व्यक्ति बेरोजगार है।
4. शहरी क्षेत्रों की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगार की दरें बहुत ऊँचाई है।

(a) 1 और 2 (b) 1,2 और 4
(c) 2 और 3 (d) केवल 3

**Gram Sevek & Hostel Superintendent Ex. Dt. 18.12.2016**

**Ans. (a)** राष्ट्रीय सेम्पल सर्वेक्षण संगठन (NSSO) के वर्ष 2011–12 के 68 वें दौर के अनुसार राजस्थान में बेरोजगारी दर से सम्बन्धित सही तथ्य हैं-

- ग्रामीण पुरूषों की बेरोजगारी दर 0.9% है।
- शहरी पुरूषों की बेरोजगारी दर 3.2% है।
- सम्पूर्ण राज्य में कुल श्रम शक्ति के 1.2% व्यक्ति बेरोजगार हैं।